# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल नगम,गाजीपुर–233001

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com


पत्रांक 1312 / बैठक / 58 दिनांक–09/05/2025

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजीपुर में कियान्वित की जा रही विभिन्न पाइप लाइन पेयजल योजनाओं की जिलाधिकारी, महोदया, गाजीपुर की अध्यक्षता में दिनाकं–05.05.2025 को हुई प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजीपुर में कियान्वित की जा रही विभिन्न पाइप लाइन पेयजल योजनाओं की दिनांक–05.05.2025 को हुई समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

1– जिलाधिकारी महोदया, गाजीपुर।
2– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गाजीपुर।
3– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) गाजीपुर।
4– समस्त सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) गाजीपुर।
5– डी0सी0/डी0पी0एम0यू0 गाजीपुर।
6– डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 गाजीपुर।
7– समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर।

जल जीवन मिशन के कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन पाईप लाईन पेयजल योजनाओं के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गयी, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

**1– ग्रामीण पेयजल योजनाओ में नियमित जलापूर्ति के सम्बन्ध में** :– जिलाधिकारी महोदय द्वारा सर्व प्रथम कार्यदायी संस्थावार नलकूप में पंम्पिग प्लान्ट अधिष्ठापन कार्य पूर्ण योजनाओं की संख्या एवं जलापूर्ति की जा रही योजनाओं की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। कार्यदायी संस्था मेसर्स एल0 एण्ड टी0 द्वारा 125 योजनाओं में पंम्पिग प्लान्ट पूर्ण होने के उपरान्त भी मात्र 69 नग पेयजल योजनाओ में जलापूर्ति किये जाने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी तथा प्रोजेक्ट मैनेजर को भीषण गर्मी को देखते हुए सर्व प्रथम युद्ध स्तर पर ग्रामीण परिवारो को सीधे जलापूर्ति किये जाने का निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार कार्यदायी संस्था मेसर्स वी0एस0ए0 द्वारा 137 पंम्पिग प्लान्ट अधिष्ठापन पूर्ण होने के बाद भी केवल 41 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति की जा रही है। कार्यदायी संस्था मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 द्वारा 240 के सापेक्ष 58 नग योजनाओं में जलापूर्ति न किये जाने के कारण असंतोष व्यक्त किया तथा पंम्पिग प्लान्ट पूर्ण होने के पश्चात जलापूर्ति किये जाने तक की कार्यवाही का योजनावार कार्यक्रम तैयार कर जलापूर्ति करने की अनुमानित तिथि तीन दिनों में तैयार कराकर प्रस्तुत किये जाने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को दिया गया। इस कार्य के लिए पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, सोलर/विद्युत कनेक्शन का कार्य अविलम्ब पूर्ण कराये। विद्युत कनेक्शन के सम्बन्ध में जिन योजनाओं का पैसा विद्युत विभाग में जमा करा दिया गया है।

DPMU sanjay

2– **भूमि की उपलब्धता/अवरोध के सम्बन्ध में** :– जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध नही है अथवा किसी प्रकार की भूमि के सम्बन्ध में समस्या है उसके सम्बन्ध में सभी उप जिलाधिकारियों को मेरे तरफ से पत्र भेजने हेतु पत्रावनी अविलम्ब प्रस्तुत कर दी जाय।

3– **एकल ग्राम्य/बहु ग्राम्य योजना में योजनाओं को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में** :– एकल ग्राम्य योजना की समीक्षा में पाया गया कि 213 योजनाएं 2 वर्ष से अधिक होने एवं पूर्णता की अवधि समाप्त होने पश्चात भी अभी तक पूर्ण नही की गयी है। उन्हे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिया गया। इसी प्रकार 89 बहु ग्राम्य योजनाएं तीन वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी पूर्ण नही हो सकी है।

4–**FHTC की समीक्षा** :– पोर्टल पर FHTC की समीक्षा में माह अप्रैल 2025 की प्रगति कम होने के कारण जनपद को श्रेणी "घ" की रैकिग प्रदान की गयी है जो किसी भी दशा में संतोषजनक नही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा FHTC की संख्या बढाये जाने हेतु सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया।

5– **माह–वार जलापूर्ति प्रारम्भ करने की कार्य योजना** :– जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को निर्देश दिये गये है कि चूकि अधिकाशतः पाइप लाइन के कार्य पूर्ण कर लिए गये है। इस लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्यदायी संस्थाओ से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराये जाने की माह–वार कार्य योजना 03 दिवस के अन्दर प्राप्त कर ली जाये एवं शीर्ष प्राथमिकता पर ग्रामवासियो को जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जाये।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को अधिक से अधिक ग्रामो में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देशित किया गया ताकि भीषण गर्मी में ग्रामीणों को जल की कोई समस्या न हो। इस प्रकार में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी।

अन्त में बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

(मो0 कासिम हाशमी)
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 – / / दिनाकं :–

**प्रतिलिपी निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य वाही हेतु प्रेषित।**

1– जिलाधिकारी महोदया, गाजीपुर।
2– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गाजीपुर।
3– मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
4– मुख्य राजस्व अधिकारी महोदय, गाजीपुर।
5– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6– समस्त सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
7– डी0सी0, डी0पी0एम0यू0/डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/समस्त आई0एस0ए0।
8– समस्त कार्यदायी संस्था के स्टेट हेड/प्रोजेक्ट मैनेजर।

**अधिशासी अभियन्ता**

DPMU sanjay